822. शेख हमीदुद्दीन नागौरी किस सूफी सिलसिले के थे?

(a) सुहरावर्दी (b) मगरिबी
(c) चिश्ती (d) कादरी

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (c) : शेख हमीदुद्दीन नागौरी चिश्ती सम्प्रदाय के संत थे। शेख हमीदुद्दीन नागौरी (1192-1274 ई.) ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती के शिष्य थे। इनकी मजार राजस्थान के नागौर जिले में स्थित है। राजस्थान में अजमेर के बाद नागौर ही सूफी मत का प्रसिद्ध केन्द्र रहा है।

823. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

सूची-I		सूची-II	
(i)	जाहिर पीर	(1)	रामदेवजी
(ii)	शिव का अवतार	(2)	पाबूजी
(iii)	लक्ष्मण का अवतार फंड़ चित्रकला में	(3)	गोगाजी
(iv)	रामसा पीर	(4)	तेजाजी

कूट-

(a) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4
(b) (i)-4, (ii)-3, (iii)-1, (iv)-2
(c) (i)-3, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-1
(d) (i)-3, (ii)-4, (iii)-1, (iv)-2

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (c) : सही सुमेलित है-

सूची-I		**सूची-II**
जाहिर पीर	-	गोगाजी
शिव का अवतार	-	तेजाजी
लक्ष्मण का अवतार (फंड चित्रकला में)	-	पाबूजी
रामसा पीर	-	रामदेवजी

824. कटे हुए कान तथा 'जटा' निम्न में किसका परिचयात्मक प्रतीक होते हैं?

(a) गुर्जर (b) औघड़ जोगी
(c) रावल जोगी (d) मीना

सूचना सहायक भर्ती परीक्षा -2018 (12 मई, 2018)

Ans. (c) – कटे हुए कान तथा जटा रावल जोगी के परिचयात्मक प्रतीक है।

825. मुगल सम्राट अकबर द्वारा जिस संत को फतेहपुर सीकरी आमंत्रित किया गया था, वह था-

(a) लाल दास (b) जसनाथ
(c) रज्जबजी (d) दादू दयाल

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (d) – मुगल सम्राट अकबर द्वारा प्रसिद्ध संत दादू दयाल को फतेहपुर सीकरी आमंत्रित किया गया था। दादू दयाल एक प्रसिद्ध कवि संत और धार्मिक सुधारक थे। उनकी रचनाएं हिंदू और इस्लाम धर्म के बीच सामंजस्य स्थापित करने का कार्य करती हैं।

826. 'संत भूरी बाई अलख' का कार्यक्षेत्र था-

(a) मेवाड़ (b) वागड़
(c) गोडवाड़ (d) मारवाड़

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) – संत भूरी बाई अलख का कार्यक्षेत्र मेवाड़ था। इनका जन्म वर्ष 1949 में मेवाड़ क्षेत्र के राजसमंद जिले के सरदारगढ़ गांव में हुआ था। इन्हें राजस्थान की दूसरी मीरा भी कहा जाता है। वे अद्धैत वेदांत की मर्मज्ञ थी।

827. आचार्य तुलसी ने 'अणुव्रत आंदोलन' का सूत्रपात कब किया-

(a) 1949ई. (b) 1945ई.
(c) 1952ई. (d) 19142 ई.

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (a) – आचार्य तुलसी ने 1949 को राजस्थान के सरदार शहर कस्बे में विशाल जनसमूह के समक्ष 'अणुव्रत आंदोलन' का सूत्रपात किया। अणुव्रत लोगों में नैतिकता जगाने का आंदोलन था। अणु का अर्थ है–सक्षम तथा व्रत अर्थात् संकल्प। आचार्य जी का मत था कि हम यदि जीवन में छोटा सा व्रत लेकर उसका निष्ठा से पालन करें, तो न केवल अपना अपितु परिवार एवं समाज का जीवन बदल सकते है। लाखों लोगों ने अणुव्रत आंदोलन से प्रेरित होकर हिंसा, मद्यपान, मांसाहार, झूठ, छल, कपट, फरेब आदि अवगुणों को त्याग दिया। आचार्य तुलसी ने सर्वधर्म सद्भाव और राष्ट्रीय उन्नयन के लिए भी कार्य किया है। उनके इन्हीं प्रयासों के लिए वर्ष 1993 में इंडिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से नवाजा गया है।

828. कौन सा युग्म गलत सुमेलित है?

(a) पाबूजी-कोलू
(b) तेजाजी-खरनाल
(c) मल्लीनाथजी-गागरोण
(d) रामदेवजी-रामदेवरा

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – पाबू राजस्थान के एक लोक देवता है। इनका जन्म कोलू में हुआ था। यहाँ पर पाबूजी का एक मंदिर भी है। तेजाजी का जन्म खरनाल में तथा रामदेवजी का जन्म रामदेवरा में हुआ था। विकल्प (c) सुमेलित नहीं है. क्योंकि मल्लीनाथ जी का जन्म गागरोण में नहीं राजस्थान के बाड़मेर जिले के सिवाणा के गोयड़ी गाँव में हुआ था।

829. तेजाजी के जन्म स्थल का नाम है-

(a) खड़नाल (b) आसींद
(c) कोलू (d) ददरेवा

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

830. कौन सा कूट सुमेलित नहीं है-

लोक सन्त		**जन्म वर्ष**
1. मीरा	-	1498 ई.
2. दादू दयाल	-	1544 ई.
3. सन्त जसनाथ जी	-	1482 ई.
4. सन्त चरणदास जी	-	1503 ई.

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016